



# पुलिस लाइन में स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल

## परेड में हुई हर्ष फायरिंग, जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण





**नवभारत रिपोर्टर**

**छतरपुर नगर, 13 अगस्त. छतरपुर पुलिस लाइन के पुलिस परेड ग्राउंड में 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रीय सलामी से हुई।** कलेक्टर पार्थ जायसवाल एवं पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने परेड का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और दिशा-निर्देश दिए।

परेड में पुलिस बैंड प्लाटून का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। भोपाल परेड ग्राउंड से मल्टी-स्क्रीनिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। हर्ष फायरिंग भी हुई। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने संगीत, नृत्य, नाटक आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रिहर्सल की। पुलिस अधीक्षक ने परेड कमांडर एवं प्लाटून कमांडरों को साफ गणवेश, पंक्तिबद्ध मार्च और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने हेतु आदेश दिए गए। परेड का नेतृत्व डीएसपी हर्ष राठौर और महिला थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## हाथों में तिरंगा थामे - 251 मीटर तिरंगा पट्टी यात्रा निकाली गई

**हरपालपुर।** बुधवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष व नगरपरिषद के संयुक्त तत्वावधान में सेना के शौर्य साहस और सम्मान में सुबह 10 बजे नेहरू गेट से हाथों में तिरंगा थामे 251मीटर की विशाल तिरंगा पट्टी यात्रा का शुभारभ हुआ देश भक्ति गीत के साथ भारत माता गगनभेदी नारे उद्धघोष करते हुए तिरंगा यात्रा पुरानी गल्ला मंडी के होते हुए रेस्ट हाउस पहुंचकर राष्ट्रगान के बाद नगरपरिषद द्वारा स्थानीय रेस्टहाउस में एक पेङ मां और एक पेङ राष्ट के नाम अन्तर्गत वृक्षारोपण किया गया, तिरंगा यात्रा में मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, अरूण अग्रवाल,नगरपरिषद सीएमओ,शैलेन्द्र सिंह, नगरपरिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल महाविद्यालय शासकीय बालक उमावि,कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,सरस्वती शिशु मंदिर के संस्था प्राचार्य, एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों में लोकेन्द्रसिंह, अरुण पाठक, महेश राय,विनोद वर्मा, विष्णु राय दिनेश दीक्षित रानू सिंह सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए, यात्रा में स्वतंत्रता का महत्व और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने व एकता समर्पण का संदेश दिया।



## 22 मरीज लैंस प्रत्यारोपण के लिए चित्रकूट रवाना

**हरपालपुर, 13 अगस्त.** स्थानीय रेस्ट हाउस में बुधवार को सद्गुरू सेवा आश्रम जानकी कुंङ चित्रकूट द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया,शिविर संचालक अर्चना महेश राय की उपस्थिति में चित्रकूट से आये चिकित्सक अरविंद मिश्र की टीम ने 197 मरीजों का परीक्षण किया जिसमें 22 मरीजों में मोतिया बिन्द पाए जाने पर सद्गुरू सेवा आश्रम जानकी कुंङ ट्रस्ट की बस द्वारा नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट भेजा गया, शिविर में 20 मरीजों को नि:शुल्क चश्मा प्रदान किए गये ।

## जन्माष्टमी पर निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**हरपालपुर, 13 अगस्त।** शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर नगर के नारायण आश्रम छोटी कुटी से विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी,जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, यात्रा का जगह-जगह स्वागत किए जाने अभी से बडे स्तर पर जोरों से तैयारियां चल रही है।

### एक नजर में



## एक्सीलेंस पब्लिक स्कूल में 'हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता' थीम पर ड्राइंग प्रतियोगिता

**छतरपुर, 13 अगस्त.** नगर पालिका परिषद छतरपुर की स्वच्छता टीम ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत एक्सीलेंस पब्लिक (नं.1) स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता की थीम स्वच्छता, तिरंगा और 'रिड्यूस-रीयूज-रीसायकल' रखी गई। छात्रों ने कचरे से कलाकृति, सफाई मित्र, भारत माता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय ध्वज और स्वच्छता पर आकर्षक चित्र बनाए। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी, कचरे के पुन: उपयोग और पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता बढ़ाना था। नगर पालिका स्वच्छता टीम ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल बच्चों में रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि वे समाज में स्वच्छता संदेश के दूत भी बनते हैं।

## राठौर जैसे वीरों के कारण हमारा देश सुरक्षित रहा : परमार



**नवभारत आष्टा.** वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौर की 387 वीं जयंती मनाई गई. मुख्य मार्गों से वीर दुर्गादास की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा का विभिन्न संस्थाओं द्वारा अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया. बुधवारा में कैलाश परमार मित्रमण्डल द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया. शोभायात्रा का समापन स्थानीय मानस भवन में हुआ. जहां पर वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा के समक्ष आरती की गई. श्री परमार ने राठौर समाज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीर दुर्गादास जैसे वीरों के कारण हमारा सनातन धर्म और भारत देश सुरक्षित है. इस मौके पर अजीत कुमार जैन, प्रदीप प्रगति, नरेंद्र गंगवाल, सुभाष नामदेव, जीतेन्द्र साहू, शुभम शर्मा, राज परमार, पल्लव प्रगति, राजेश मेवाड़ा, प्रदीप जैन द्वारा राठौर समाज अध्यक्ष गौरी शंकर राठौर, हेमंत राठौर, हेमंत हरिओम, जुगल किशोर राठौर, तेज सिंह राठौर, वीरेंद्र राठौर आदि का विशेष स्वागत किया गया.

## अभियान के तहत निकाली तिरंगा रैली



**नवभारत सीहोर.** आमजन में देशभक्ति की भावना जागृत करने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत पुलिस परेड ग्राउंड से तिरंगा रैली निकाली गई. तिरंगा रैली में कलेक्टर बालागुरू के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए. परेड दल तथा 3000 से अधिक विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति का संचार करने वाले भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के उद्घोष के साथ रैली में नगर का भ्रमण कर नागरिकों को देशभक्ति का संदेश दिया. रैली में अनेक गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए.

# झाड़-फूंक के चक्कर में हुई अधेड़ की मौत

- सांप के काटने पर पहले नहीं ले गए अस्पताल

**छतरपुर, 13, अगस्त. जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुनाटी गांव में बीती रात एक दुखद घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार, गांव के 50 वर्षीय रूप सिंह यादव रात करीब 11 बजे अपने घर में सो रहे थे, तभी उन्हें सांप ने काट लिया।**

घटना के बाद परिजनों ने तत्काल उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाय पहले झाड़-फूंक के लिए टीला गांव ले गए। वहां घंटों प्रयास के बाद भी जब उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो उन्हें नौगांव अस्पताल ले जाया गया। नौगांव अस्पताल के डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार सुबह करीब 5 बजे जब वे जिला अस्पताल पहुंचे, तब तक उनकी हालत नाजुक थी और डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के भाई ने पुलिस को घटना की पूरी जानकारी दी है। इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़-फूंक के अंधविश्वास पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।



**सांप के काटने पर क्या करें? :** सांप के काटने पर घबराने की बजाय तुरंत सही कदम उठाना ज़रूरी है। सबसे पहले पीड़ित को शांत रखें और जितना हो सके हिलने-डुलने से रोकें, ताकि ज़हर का असर धीमा हो। काटे गए अंग को दिल के स्तर से नीचे और स्थिर रखें। तुरंत नज़दीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र जाएं, जहां एंटी-वेनम उपलब्ध हो। काटे गए स्थान पर झाड़-फूंक, कटाई, या ज़हर चूसने जैसी परंपरागत और खतरनाक तरीकों का इस्तेमाल न करें, क्योंकि इससे संक्रमण और खतरा बढ़ जाता है। जगह को पानी से न धोएं, ताकि डॉक्टर ज़हर की पहचान कर सकें। याद रखें, सांप के काटने के बाद हर मिनट कीमती होता है, इसलिए देरी जानलेवा हो सकती है।

# जिले में बादलों का डेरा, अगले सात दिन बारिश के आसार



- कई क्षेत्रों में फसलों को नुकसान, सोयाबीन सुरक्षित
- महाराजपुर-लवकुशनगर मार्ग पर बहा पानी
- 42 .3 इंच बारिश, पिछले साल से दोगुना

**छतरपुर नगर, 13 अगस्त. छतरपुर में बुधवार को सुबह से आसमान बादलों से ढका रहा और बीच-बीच में हल्की बारिश होती रही।**

पिछले दो दिनों की लगातार बरसात से नदी-नाले उफान पर हैं। कुछ इलाकों में खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुँचा है, हालांकि सोयाबीन और मूंगफली की फसल फिलहाल सुरक्षित है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को न्यूनतम तापमान 26 डिग्री और अधिकतम 29 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि हवा 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। बीते 24 घंटों में औसतन 0.41 इंच बारिश मापी गई। सोमवार को 0.39 इंच और मंगलवार को 0.67 इंच बरसात हुई थी। बिजावर में 1.22 इंच, बड़ामलहरा 1.15 इंच, गौरिहार 0.43 इंच, नौगांव 0.23 इंच, छतरपुर 0.19 इंच और बक्सवाहा 0.06 इंच दर्ज की गई।

# पुलिस ने बैंक और एटीएम स्थलों का किया सुरक्षा निरीक्षण

**छतरपुर, 13 अगस्त. जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में छतरपुर पुलिस द्वारा बैंकों, कियोस्क सेंटरों और एटीएम स्थलों का सुरक्षा निरीक्षण किया गया।**

सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने बैंक अधिकारियों से चर्चा कर सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, उनकी दिशा और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन से अपील की कि अनावश्यक या संदिग्ध व्यक्तियों को बैंक और एटीएम में प्रवेश न दें। यदि कोई व्यक्ति बार-बार आसपास दिखे, तो संभव है वह अपराध की नीयत से रैकी कर रहा हो। ऐसी स्थिति में तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम 7049101021, डायल 112/100 या नजदीकी थाने को सूचना दें। कियोस्क संचालकों को भी हिदायत दी गई कि अनावश्यक व्यक्तियों को सेंटर में न बैठने दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात गार्डों के संपर्क नंबर साझा कर आपसी समन्वय बनाए रखने की बात कही गई।



## ट्रेन से 200 तीर्थयात्री रवाना

**सीहोर.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत वाराणसी-अयोध्या के तीर्थ के लिए रेलवे स्टेशन से 200 तीर्थ यात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन रवाना हुई. तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया. इस दौरान यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के चेहरे पर तीर्थ यात्रा की खुशी देखते ही बनती थी.

# नौगांव पुलिस ने 12 घंटे में पकड़े दो आरोपी

## बस स्टैंड पर अवैध वसूली और हमला किया था

**छतरपुर 13, अगस्त.** थाना नौगांव क्षेत्र के बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय के पास बस कंडक्टर से अवैध वसूली और हमला कर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने 12 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में राहुल सोनी निवासी न्यू कॉलोनी नौगांव और जोलु उर्फ महेंद्र निवासी खो खो माता मंदिर के पास नौगांव शामिल हैं। दोनों के पास से अवैध धारदार हथियार बरामद हुए, जिन पर आयुध अधिनियम के तहत भी अलग मामला दर्ज किया गया। मुख्य आरोपी राहुल सोनी अवैध हथियार और मारपीट जैसे चार मामलों में पहले से लिप्त है। गिरफ्तारी एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सतीश सिंह और उनकी टीम ने की। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जबकि मामले की विवेचना जारी है।

## पाइप लाइन से पानी चुराने पर मोटर जब्त

**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा.** मर्दानपुर ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना भैरूंदा. ब्लॉक के ग्राम रफीकगंज एवं ग्राम टीका मोड़ में जल निगम एवं पुलिस बल द्वारा का अवैध रूप से टिल्लू पंप लगाकर अधिक पानी लेने वाले उपयोगकर्ताओं पर कार्रवाई की गई एवं उनकी मोटर जब्त की गई. इस जलप्रदाय योजना से 161 ग्रामों में जल प्रदाय किया जाता है. मोटर पंप उपयोग करने से ग्राम के आखिरी उपभोक्ता तक पानी का दबाव कम हो जाता था. जिस कारण कई लोगों को पेयजल आपूर्ति संबंधित समस्या हो रही थी. जल निगम के अधिकारियों द्वारा इन उपभोक्ताओं को पहले कई बार मौखिक रूप से मोटर पंप का उपयोग न करने के लिए कहा गया था.

**आयोजन** | वीर शिरोमणी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती पर समाज ने निकाला भव्य चल समारोह

# ऑपरेशन सिंदूर में गरजी मिसाइलें, दुर्गावाहिनी ने दिखाई ताकत



**नवभारत न्यूज**

**सीहोर.** राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा बुधवार को राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती परंपारिक रूप से मनाई गई. राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा बुधवार को शहर में भव्य चल समारोह निकाला.

राठौर धर्मशाला में ध्वजारोहण और रामजानकी मंदिर में भगवान श्रीराम की वंदना की गई. चल समारोह का शुभारंभ राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर पार्क गंज से किया गया. चल समारोह में ऑपरेशन सिंदूर की झांकी में मिसाइलें गरजती हुई दिखाई दी. दुर्गावाहिनी की बहनों की बहनों ने अपनी ताकत दिखाई और सेना की वर्दीधारी बालिकाओं ने भी देश भक्ति गानों पर नृत्य कर रंग जमा दिया. तिरंगे के साथ पांच सौ केशरिया ध्वज चल समारोह में लहराते हुए दिखाई दिए. नरसिंहगढ़ के बैंड नाशिक के ढोल और लाइव डीजे ने देशभक्ति गीतों से युवाओं में जोश भर दिया. भारत माता बनी नन्ही बालिका और ऑपरेशन सिंदूर की झांकी रथ में सवार गुरूजन एवं वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा झांकी सहित नृत्य करते समाजिक बंधु आकर्षण के केंद्र बने रहे

शहर में अनेक स्थानों पर सामाजिक धार्मिक राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने स्वागत किया. गंज स्थित श्री रामजानकी मंदिर में भगवान की आरती की गई और प्रसादी का वितरण कर चल समारोह का समापन किया गया.

चल समारोह में शामिल राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा संगठन महासभा जितेंद्र राठौर, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, समाज अध्यक्ष रामचंद्र राठौर बाबा, पूरनसिंह राठौर, प्रमोद राठौर, राहुल राठौर, राजकुमार राठौर, ओमप्रकाश राठौर, देवेंद्र राठौर, दीपक राठौर, मनोज पहलवान, राजेश राठौर, दीपेश राठौर, संजय राठौर, अजय राठौर, मुकेश राठौर, राजकुमार राठौर, राजेश राठौर, अशोक, सुनील राठौर, प्रेमनारायण राठौर, भूपेंद्र राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजिक बंधु शामिल थे.

### भाजपा नेता अरोरा ने किया चल समारोह का स्वागत

भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत, नपाध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती के चल समारोह में शामिल हुए. उन्होंने राठौर समाज के वरिष्ठजनों का स्वागत किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर एक महान योद्धा और राजपूत सेनानी थे. जिन्होंने 17 वीं शताब्दी में मारवाड़ राज्य की रक्षा के लिए मुगलों के खिलाफ संघर्ष किया था. उन्हें महाराजा जसवंत सिंह की मृत्यु के राठौड़ वंश को बनाए रखने का श्रेय दिया जाता है.